पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद गाजियाबाद में मेरठ मण्डल के विकास कार्यों, कानून–व्यवस्था तथा आगामी काँवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

## प्रदेश सरकार जनकल्याण, सुशासन और विकास के प्रति प्रतिबद्ध, जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मन्दिर में दर्शन–पूजन किया

## मठ एवं मन्दिर परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन तथा मन्दिर परिसर में वेदपाठी बटुकों एवं संस्कृत शिक्षार्थियों से आत्मीय संवाद किया

## संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की सनातन ज्ञानधारा की वाहिका, जिसके माध्यम से हमारी सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक विरासत पीढ़ी–दर–पीढ़ी संरक्षित होती आयी

**लखनऊ : 18 जुलाई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गाजियाबाद में मेरठ मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों, कानून–व्यवस्था तथा आगामी काँवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपने–अपने क्षेत्रों से सम्बन्धित विभिन्न विकास एवं जनहित के मुद्दे रखे। बैठक में जनपद के विकास, सुरक्षा व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण, सुशासन और विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जनपद भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री जी ने ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मन्दिर पहुँचकर भगवान शिव का विधि–विधानपूर्वक जलाभिषेक,

दुग्धाभिषेक एवं दर्शन–पूजन किया। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं लोककल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री जी ने मन्दिर परिसर में स्थित शिवलिंगों पर भी पुष्प अर्पित किए और नंदी महाराज के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए तथा मठ परिसर में विराजमान संत–महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं शिव स्तुति के मध्य सम्पन्न हुए पूजन कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत–प्रोत कर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने मठ एवं मन्दिर परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संत समाज के साथ प्रदेश में शांति, सद्भाव, सांस्कृतिक उत्थान एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मन्दिर के पीठाधीश्वर, संत समाज एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जी ने मन्दिर परिसर में वेदाध्ययन कर रहे वेदपाठी बटुकों (ब्रह्मचारी छात्र) एवं संस्कृत शिक्षार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा, वैदिक संस्कृति एवं संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की सनातन ज्ञानधारा की वाहिका है, जिसके माध्यम से हमारी सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक विरासत पीढ़ी–दर–पीढ़ी संरक्षित होती आयी है।

उल्लेखनीय है कि श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मन्दिर गाजियाबाद का एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिवधाम है, जो सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक साधना एवं वैदिक परम्परा का प्रमुख केन्द्र माना जाता है।

———————

***PN-CM-Ghaziabad Review Meeting & Darshan Poojan-18 July, 2026***